**HIN3A13a**
(Expression orale)

## Cours-5

### अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की बहस

हैम्पस्टीड [न्यूयॉर्क]। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर पहली बहस में लचर प्रदर्शन के कारण आलोचना झेलने वाले राष्ट्रपति बराक ओबामा मंगलवार को दूसरी बहस के दौरान आक्रामक नजर आए। उन्होंने चीन, आव्रजन, कर, बेरोजगारी, घरेलू और विदेशी मुद्दों पर अपने प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन उम्मीदवार मिट रोमनी की नीतियों की जमकर धज्जियां उड़ाई। राष्ट्रपति ने रोमनी की आउटसोर्सिंग योजना की आलोचना करते हुए कहा कि इससे बड़ी तादाद में नौकरियां भारत और चीन में सृजित होंगी।

यहां होफ्स्ट्रा यूनिवर्सिटी में डेढ़ घंटे की बहस के दौरान रोमनी ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र की नौकरियां चीन इसलिए जा रही हैं क्योंकि उद्यमियों को अमेरिका के बजाए विदेश में काम करना फायदेमंद लगता है। इस पर ओबामा ने कहा कि खुद रोमनी की कंपनियों ने आउटसोर्सिंग में निवेश कर रखा है।

चीन पर हुई तीखी बहस : रोमनी ने ओबामा पर चीन को मुद्रा से छेड़छाड़ करने वाले देश घोषित न करने का आरोप लगाया। उन्होंने अपने वादे को दोहराते हुए कहा कि राष्ट्रपति बनने के पहले दिन ही चीन को मुद्रा से छेड़छाड़ करने वाला धूर्त देश घोषित कर देंगे। रोमनी ने कहा कि अगर चीन अपनी मुद्रा के मूल्य को कम रखेगा तो उसके सामान की कीमत कम होगी। इससे बाजार में उसे लाभ मिलता रहेगा। मगर हमारे उत्पादों की बिक्री गिर रही है। अमेरिका में वही उत्पाद बनाने वाले निर्माता उसे मात नहीं दे पा रहे हैं। ओबामा के पास चीन को मुद्रा से छेड़छाड़ करने वाला देश घोषित करने का मौका था, लेकिन उन्होंने इन्कार कर दिया। रोमनी ने देश में दो करोड़ लोगों की बेरोजगारी के लिए ओबामा की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने चीन पर अमेरिकी तकनीक, डिजाइन, पेटेंट को भी चुराने का आरोप लगाया। रोमनी की आलोचनाओं का जवाब देते हुए ओबामा ने कहा कि उनके पदभार संभालने और दबाव बनाने के बाद चीन की मुद्रा का मूल्य 11 प्रतिशत बढ़ा है। यह पूछे जाने पर कि अमेरिकी कंपनी एपल जो अपने आइपैड और आइफोन को चीन में बना रही है क्या उसे देश में इन उत्पादों के निर्माण करने के लिए मनाएंगे ? ओबामा ने कहा, 'कुछ नौकरियां ऐसी हैं जिन्हें वापस नहीं लाया जा सकता क्योंकि उनकी मजदूरी कम होती है। यह ज्यादा कौशल वाली नौकरियां नहीं होती। मैं उच्च कौशल और ज्यादा मजदूरी वाली नौकरियां चाहता हूं। इसलिए निर्माण क्षेत्र पर जोर दे रहे हैं।'

रोमनी ने ओबामा के इस दावे का खंडन किया कि पिछले तीन साल के दौरान निजी क्षेत्र में 50 लाख नौकरियां सृजित की। उन्होंने कहा कि दो करोड़ 30 लाख लोग लंबे समय से बेरोजगार हैं और नौकरी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस दौरान 20 वर्षीय जेरेमी एप्सटीन ने सबसे पहला सवाल भविष्य में अपनी नौकरी की संभावनाओं को लेकर पूछा। इस पर रोमनी ने चीन के खिलाफ कठोर रुख अपनाकर अमेरिका में नौकरियों का अंबार लगाने की बात दोहराई। खास तौर पर ऊर्जा, तेल, प्राकृतिक गैस और कोयले के क्षेत्र में। उन्होंने कहा 2014 में स्नातक होने पर जेरेमी को नौकरी के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। रोमनी कहा कि मैं सुनिश्चित करुंगा कि तुम्हें नौकरी मिले। ओबामा ने भी ऊर्जा और विनिर्माण के क्षेत्र में नौकरी ढूंढने का सुझाव दिया।

लीबिया में विफलता की जिम्मेदारी स्वीकारी

अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन के बाद ओबामा ने लीबिया में सुरक्षा विफलता की जिम्मेदारी स्वीकार की है। उन्होंने रोमनी की उस टिप्पणी की भी निंदा की जिसमें उन्होंने कहा था कि ओबामा टीम ने बेनगाजी हमले का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की। ओबामा ने कहा, 'एक कमांडर इन चीफ इस तरीके से काम नहीं करता है। आप राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे को राजनीतिक मुद्दे में नहीं बदल सकते।' पिछले महीने हुए इस हमले में लीबिया में अमेरिकी राजदूत क्रिस स्टीवेंस समेत चार अमेरिकी कर्मचारी मारे गए थे।

किसने क्या कहा

रोमनी

-चीन को मुद्रा से छेड़छाड़ करने वाला धूर्त देश बताया।

-पाँच सूत्रीय योजना के तहत चार साल के भीतर एक करोड़ 20 लाख नौकरियां पैदा करने का वादा किया।

-छोटे और बड़े नियोक्ता पर टैक्स कम करने का वादा किया।

ओबामा

mercredi 24 octobre 2012

-पदभार संभालने और दबाव बनाने के बाद चीन की मुद्रा का मूल्य 11 प्रतिशत बढ़ा है।
-रोमनी के पास एकसूत्रीय योजना है। वह योजना यह सुनिश्चित कराने की है कि शीर्ष लोगों के लिए अलग तरह के नियम हो।
-उन खामियों को दूर करेंगे जिनकी वजह से कंपनियों को नौकरियां विदेश भेजने के अवसर मिल रहे हैं।

**Vocabulaire utile**

असमानता (f) inégalité
चुनाव (m) choix, élections
बहस (f) débat
लचर faible, pauvre
प्रदर्शन(m) exposition, démonstration
आलोचना (f) critique
आक्रामक agressif
आव्रजन (m) immigration
कर (m) impôt
बेरोजगारी (f) chômage
घरेलू domestique
मुद्दा (m) question, enjeu
प्रतिद्वंद्वी (m) adversaire
उम्मीदवार (m) candidat
नीति (f) politique
धज्जियाँ उड़ाना réduire en miettes
तादाद (f) quantité, nombre
नौकरी (f) emploi
सृजित créé
विनिर्माण क्षेत्र (m) secteur bâtiment
उद्यमी (m) industriel, entrepreneur
फायदेमंद bénéfique
निवेश करना investir
मुद्रा (f) devise
छेड़छाड़ करना harceler
घोषणा करना déclarer
आरोप लगाना accuser
वादा promesse
धूर्त (m) voyou, trompeur
मूल्य (m) prix, valeur
उत्पाद (m) produit
बिक्री (f) vente
मात देना vaincre, battre
मौका (m) chance, occasion

जिम्मेदार ठहराना tenir responsable
पदभार संभालना
prendre/occuper le poste
दबाव (m) pression
निर्माण (m) construction
मनाना célébrer
मजदूरी (f) ce que gagne un ouvrier
उच्च कौशल (m) main d'œuvre qualifié
दावे का खंडन démentir une affirmation
सृजन करना créer
संघर्ष करना lutter, travailler dur
खिलाफ contre
कठोर रुख (m) attitude dur
अंबार (m) tas
तेल (m) pétrole
प्राकृतिक गैस (f) gaz naturel
कोयला (m) charbon
स्नातक (m) diplômé
विफलता (f) échec, non réussite
नियोक्ता (m) employeur
शीर्ष (m) capital, au sommet
नियम (m) règlement
खामी (f) défaut
लागू होना s'appliquer
आँकड़ा (m) statistique
दौलत (f) richesse
व्यापक complet, détaillé
आतंकवाद (m) terrorisme
चर्चा करना parler de qqch.
नीति (f) politique
बुनियादी fondamental
अस्त्र-शस्त्र (m) armement
नागरिक (m) citoyen
अधिकार (m) droit
उपेक्षा (f) négligence

शासक (m) administrateur
पहचान (f) identité
मौत (m) mort
उपाय (m) astuce, moyen, solution
योजना आयोग commission de planification
शहरी क्षेत्र (m) région urbaine
ग्रामीण क्षेत्र (m) région rurale
मासिक आय (f) salaire mensuel
वास्तविक réel
संवेदनहीनता (f) manque de sensibilité
हकीकत (f) réalité
विदेशी निवेश (m)
investissement étranger
निजीकरण (m) privatisation
वर्तमान अर्थनीति (f)
politique économique actuelle
लोकप्रियता (f) popularité
मूल्यांकन करना évaluer
गुजारा करना (m)
se débrouiller/vivre avec
गंभीर sérieux
सामाजिक परिणाम (m) effet social
अपराध (m) crime
विरोध-प्रदर्शन (m) manif de protestation
रोजगार की समस्या (f)
problème d'emploi
उपभोक्ता (m) consommateur
आमदनी (f) revenue
अनिवार्य तथा बुनियादी सुविधाएं (f)
les équipements nécessaires de base
उद्योग (m) industrie
औद्योगिक संसाधन (m)
les ressources industrielles